भारत से चयनित 6 विद्यालयों में झारखंड से एकमात्र DPS बोकारो को मिला 7 स्टार रेटिंग अवार्ड

चर्चा में क्यों?

11 जनवरी, 2023 को आयोजित एक विशेष असेंबली के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो को 7 स्टार रेटिंग स्कूल अवॉर्ड 2022 मिला है।

प्रमुख बिंदु

- यह अवार्ड डीपीएस बोकारो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व-निर्वहन एवं विभिन्न अनूठे पहलों के लिये दिया गया है। दिल्ली पब्लिक स्कूल को ग्रीन स्कूल इनीशिएटिव की विशेष कैटेगरी में सेवन स्टार रेटिंग और ए- ट्रिपल प्लस की ग्रेडिंग मिली।
- उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली में सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट (सीईडी) फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से कौशल शिक्षा एवं सतत् विकास विषय पर आयोजित आठवें सम्मेलन के दौरान प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार को सम्मेलन की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा यह पुरस्कार दिया गया।
- गौरतलब है कि देशभर से कुल 1975 विद्यालयों के आवेदनों में से केवल छह विद्यालयों को सेवेन स्टार रेटिंग मिली। इनमें झारखंड से अकेले डीपीएस बोकारो शामिल रहा, वहीं, 69 स्कूलों को फाइव स्टार रेटिंग मिली।
- प्राचार्य डीपीएस बोकारो ने अपने गो ग्रीन इनीशिएटिव के तहत प्रकृति से बच्चों को जोड़े रखने तथा ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई अनूठी व कारगर पहल की है।
- यहाँ रद्दी कागज को रीसाइकिल कर पुन: उपयोग के लायक बनाने के लिये पेपर रीसाइक्लिंग यूनिट, सौर-ऊर्जा से संचालित सोलर पैनल सिस्टम, औषधीय पौधों की चरक वाटिका, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, महापुरुषों के नाम पर पौधशाला (ग्रीन ब्रिगेड) आदि की स्थापना की गई है।
- इसके अलावा केंचुआ खाद से कृषि कार्य के लिये वर्मी कल्चर, जैविक कृषि वानिकी तथा मिट्टी बचाने के लिये सेव सॉइल, बच्चों को प्रकृति-पोषण से जोड़े रखने के लिये फुलवारी, विभिन्न अवसरों पर पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं।
- इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिये ग्रीन आई कार्ड, विभिन्न अवसरों पर अतिथियों के लिये फल-सब्जियों के बीज वाले विशेष ग्रीन कार्ड उपलब्ध कराने के साथ-साथ पौधे भेंटकर अतिथियों का ग्रीन वेलकम करने की परंपरा भी विगत कई वर्षों से निभाई जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dps-bokaro-the-only-one-from-jharkhand-among-the-6-schools-selected-from-india-got-7-star-rating-award